**C.B.S.E**

**कक्षा : 10**

**विषय : हिंदी 'अ'**

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

---

**सामान्य निर्देश:**

**1. इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं- क, ख, ग, और घ।**

**2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

**3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रम से लिखिए।**

**4. एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए।**

**5. दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए।**

**6. तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।**

## खंड-क

## [अपठित अंश]

प्र. 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: (1×2=2) (2×4=8) [10]

हड़प्पा में पकी मिट्टी की स्त्री मूर्तिकाएँ भारी संख्या में मिली हैं। एकमूर्ति में स्त्री के गर्भ से निकलता एक पौधा दिखाया गया है। विद्वानों के मत में यह पृथ्वी देवी की प्रतिमा है और इसका निकट संबंध पौधों के जन्म और वृद्धि से रहा होगा। इसलिए मालूम होता है कि यहाँ के लोग धरती को उर्वरता की देवी समझते थे और इसकी पूजा उसी तरह करते थे जिस तरह मिस्र के लोग नील नदी की देवी आइसिस् की। लेकिन प्राचीन मिस्र की तरह यहाँ का समाज भी मातृ प्रधान था कि नहीं यह कहना मुश्किल है। कुछ वैदिक सूक्तों में पृथ्वी माता की स्तुति है, धोलावीरा के दुर्ग में एक कुआँ मिला है इसमें नीचे की तरफ जाती सीढ़ियाँ है और उसमें एक खिड़की थी जहाँ दीपक जलाने के सबूत

मिलते है। उस कुएँ में सरस्वती नदी का पानी आता था, तो शायद सिंधु घाटी के लोग उस कुएँ के जरिए सरस्वती की पूजा करते थे।

1. हड़प्पा में किसकी मूर्तिकाएँ भारी संख्या में मिली हैं?
2. हड़प्पा के लोग किसे उर्वरता की देवी समझते थे?
3. हड़प्पा के लोग धरती की पूजा कैसे करते थे?
4. वैदिक सूक्तों में किस की स्तुति है?
5. सिंधु घाटी के लोग सरस्वती की पूजा की पूजा कैसे करते थे?
6. उपर्युक्त गद्यांश को उचित शीर्षक दीजिए।

## खंड - ख

## [व्यावहारिक व्याकरण]

प्र.2. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए: 1x4=[4]

1. बारिश होने पर फूल खिलते हैं। (मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए।)
2. मैंने उसकी बहुत प्रतीक्षा की, किन्तु वह नहीं आया। (रचना की दृष्टि से वाक्य का प्रकार बताइए।)
3. वह प्रतिदिन घर का कार्य करने के बाद भी समय पर कार्यालय पहुँचती है। (रचना की दृष्टि से वाक्य का प्रकार बताइए।)
4. मेरे कमरे में एक पुरानी घडी है। (मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए।)

प्र. 3. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों का परिचय दीजिए: 1x4=[4]

1. यश <u>बहुत</u> शरारती लड़का है।
2. देव <u>और</u> देवांगी भाई-बहन हैं।
3. चोट <u>के कारण</u> राघव खड़ा भी नहीं हो पा रहा।
4. राजू ने <u>उसे</u> बहुत मारा।

प्र. 4. निम्नलिखित वाक्यों का वाच्य परिवर्तन कीजिए: 1x4=[4]

1. लड़के चित्रकारी कर हैं। (कर्मवाच्य में बदलिए।)
2. लड़कों द्वारा पतंग उड़ाई जा रही है। (कर्तृवाच्य में बदलिए।)
3. आओ, आज तालाब में तैर लें। (भाववाच्य में बदलिए।)
4. राघव आँगन में सोता है। (भाववाच्य में बदलिए।)

प्र.5. निम्नलिखित काव्यांशों में प्रयुक्त रस पहचानिए: 1x4=[4]

1. दुःख ही जीवन की कथा रही
   क्या कहूँ आज जो नही कही।

2. अस कहि रघुपति चाप चढ़ावा,
   यह मत लछिमन के मन भावा।
   संधानेहु प्रभु बिसिख कराला,
   उठि ऊदथी उर अंतर ज्वाला।

3. चमक उठी सन सत्तावन में वो तलवार पुरानी थी,
   बुंदेलों हरबोलों के मुँह हमने सुनी कहानी थी,
   खूब लड़ी मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी थी।

4. लंका की सेना कपि के गर्जन रव से काँप गई,
   हनुमान के भीषण दर्शन से विनाश ही भांप गई।

## खंड - ग

## [पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पुस्तक]

प्र.6. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2+2+2=[6]

यों खेलने को हमारे भाइयों के साथ गिल्ली-डंडा भी खेला और पतंग उड़ाने, काँच पीसकर माँजा सूतने का काम भी किया, लेकिन उनकी गतिविधियों का दायरा घर के

बाहर ही अधिक रहता था और हमारी सीमा थी घर। हाँ, इतना जरुर था कि उस जमाने में घर की दीवारें घर तक ही समाप्त नहीं हो जाती थीं। बल्कि पूरे मोहल्ले तक फैली रहती थीं इसलिए मोहल्ले के किसी भी घर में जाने पर कोई पाबंदी नहीं थी, बल्कि कुछ घर तो परिवार का हिस्सा ही थे। आज तो मुझे बड़ी शिद्दत के साथ यह महसूस होता है कि अपनी जिंदगी खुद जीने के इस आधुनिक दबाव ने महानगरों के फ्लैट में रहने वालों को हमारे इस परम्परागत 'पडोस-कल्चर' से विच्छिन्न करके हमें कितना संकुचित, असहाय और असुरक्षित बना दिया है। मेरी कम-से-कम एक दर्जन आरम्भिक कहानियों के पात्र इसी मोहल्ले के हैं जहाँ मैंने अपनी किशोरावस्था गुजार अपनी युवावस्था का आरंभ किया था।

1. लेखिका ने अपने भाइयों के साथ कौन-से खेल खेले थे?
2. लेखिका को आज क्या महसूस होता है?
3. लेखिका के कहानियों के पात्र कहाँ से हैं?

प्र. 7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 2x4=[8]

1. लेखक को नवाब साहब के किन हाव-भावों से महसूस हुआ कि वे उनसे बातचीत करने के लिए तनिक भी उत्सुक नहीं हैं?
2. भगत ने अपने बेटे की मृत्यु पर अपनी भावनाएँ किस तरह व्यक्त कीं?
3. बिस्मिल्ला खाँ के जीवन में कुछ ऐसे व्यक्ति और कुछ ऐसी घटनाएँ थीं जिन्होंने उनकी संगीत साधना को प्रेरित किया।
4. मन्नू भंडारी ने अपनी माँ के बारे में क्या कहा है?
5. कस्बे का वर्णन कीजिए।

प्र. 8. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 2+2+2=[6]

गायक जब अंतरे की जटिल तानों के जंगल में
खो चुका होता है
या अपने ही सरगम को लाँघकर
चला जाता है भटकता हुआ एक अनहद में
तब संगतकार ही स्थायी को सँभाले रहता है
जैसे समेटता हो मुख्य गायक का पीछे छूटा हुआ सामान
जैसे उसे याद दिलाता हो उसका बचपन
जब वह नौसिखिया था

1. अंतरे की जटिल तानों का जंगल किसे कहा गया है?
2. इस कविता की भाषा कौन-सी है?
3. सरगम को लाँघने का क्या तात्पर्य है?

प्र. 9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 2x4=[8]

1. परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने के लिए कौन-कौन से तर्क दिए?
2. संगतकार की आवाज़ में एक हिचक-सी क्यों प्रतीत होती है?
3. कविता का शीर्षक उत्साह क्यों रखा गया है?
4. 'छाया मत छूना' कविता में व्यक्त दुख के कारणों को स्पष्ट कीजिए।
5. कवि किसकी और कैसी मुस्कान का वर्णन कर रहा है और कवि उससे प्रभावित क्यों हैं?

प्र.10. निम्नलिखित पूरक पुस्तिका के प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए। 3×2=[6]

1. जितेन नार्गे की गाइड की भूमिका के बारे में विचार करते हुए लिखिए कि एक कुशल गाइड में क्या गुण होते हैं?

2. साँप को देखते ही भोलानाथ और उसके साथियों ने क्या किया? या साँप से डरकर बच्चे कैसे भागे?
3. जॉर्ज पंचम की लाट पर किसी भी भारतीय नेता, यहाँ तक कि भारतीय बच्चे की नाक फिट न होने की बात से लेखक किस ओर संकेत करना चाहता है।

## खंड - घ

## [लेखन]

प्र. 11. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए: [10]

- संयुक्त परिवार
- शारीरिक शिक्षा और योग

प्र. 12. निम्न विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लेखन करें। [5]

अपने मुहल्ले में बढ़ती गंदगी के बारे में शिकायत करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को 80 से 100 शब्दों में पत्र लिखिए:

अथवा

परीक्षा में असफल होने पर मित्र को 80 से 100 शब्दों में सांत्वना पत्र लिखिए।

प्र. 13. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 25 से 30 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए। [5]

1. मोबाइल के विज्ञापन का प्रारुप (नमूना) तैयार कीजिए :
2. सोन पापड़ी का विज्ञापन का प्रारुप (नमूना) तैयार कीजिए: